आकाशवाणी शिमला

23.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

हाईकोर्ट

प्रदेश हाईकोर्ट में मुख्य संसदीय सचिवों की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर बहस आज भी जारी रही। ये बहस न्यायाधीश न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर और न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी.सी. नेगी की खंडपीठ के समक्ष हो रही है। दोनों पक्षों की विस्तृत बहस सुनने के लिए इस मामले में तीन दिनों तक रोजाना आधार पर सुनवाई रखी गयी है। उल्लेखनीय है कि अदालत ने मामले में अंतरिम आदेश में सभी मुख्य संसदीय सचिवों को मंत्रियों वाली सुविधाएं लेने और मंत्रियों वाले कार्य करने पर रोक लगा रखी है। अब उनके मुख्य संसदीय सचिव बने रहने से जुड़े मुद्दे पर सुनवाई हो रही है।

प्रसारण समय

लोकसभा चुनावों के दौरान दूरदर्शन हिमाचल और आकाशवाणी शिमला से राजनीतिक दलों के चुनाव प्रसारण के लिए आज आकाशवाणी शिमला में प्रसारण समय का आबंटन किया गया। राज्य चुनाव अधिकारी दलीप नेगी की अध्यक्षता में लॉटरी के माध्यम से प्रदेश के राजनीतिक दलों कांग्रेस और भाजपा को प्रसारण समय का आबंटन हुआ। इस प्रक्रिया में भाजपा और कांग्रेस के प्रतिनिधि, चुनाव कार्यालय से विशेष कार्य अधिकारी नीरज शर्मा, आकाशवाणी और दूरदर्शन के कलस्टर हैड व उप महानिदेशक गुरविंदर सिंह, आकाशवाणी कार्यक्रम प्रमुख धारा सरस्वती, कार्यक्रम निष्पादक अनिल वर्मा, दूरदर्शन शिमला के कार्यक्रम प्रमुख सुरेन्द्र कुमार, कार्यक्रम निष्पादक सुमित सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

सुरेश कश्यप

भाजपा सांसद व शिमला संसदीय क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने कहा है कि प्रदेश में जबसे कांग्रेस सत्ता में आई है तभी से उसने जनता पर महंगाई का बोझ डालने का काम किया है। नाहन विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान विभिन्न चुनावी सभाओं को सम्बोधित करते हुए सुरेश कश्यप ने कहा कि सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार प्रदेश के लोगों के लिए दुख का कारण बन गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा विधानसभा चुनाव में दी गई 10 गारंटियां झूठ का पुलिंदा साबित हुई हैं और लोगों को डेढ़ साल बाद भी 3 सौ यूनिट फ्री बिजली का इंतजार है।

हनुमान जयंती

आज हनुमान जयंती है। इस उपलक्ष्य में प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना, हनुमान चालीसा व सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया है। राजधानी शिमला के हनुमान मंदिरों में सुबह से श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। प्रसिद्ध ऐतिहासिक जाखू मंदिर और संकटमोचन मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंच रहे हैं। जाखू मंदिर में हनुमान जी को दो क्विंटल के रोट का भोग लगाया गया। हनुमान जयंती के मौके पर मंदिरों में भंडारे का आयोजन भी किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हनुमान जयंती के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कामना की है कि पवनपुत्र हनुमान जी का समर्पण भाव सभी रामभक्तों के लिए सदा प्रेरणा शक्ति बना रहेगा और उनकी कृपा से विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा मिलेगी।

बरामदगी

हिमाचल प्रदेश में आगामी लोकसभा चुनाव और उप–चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद पुलिस और अन्य विभागों द्वारा अब तक आठ करोड़ चालीस लाख रुपये की अवैध शराब, नकदी व आभूषण जब्त किए गए हैं। निर्वाचन विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि राज्य आबकारी व कराधान और पुलिस विभाग ने 5 करोड़ 80 लाख रुपये मूल्य की शराब जब्त की है। इस दौरान पुलिस विभाग ने अब तक 37 किलो चरस, डेढ़ किलो हेरोइन और 25 लाख रुपये की नकदी व लगभग साढ़े तीन लाख के सोने व चांदी के आभूषण भी जब्त किये हैं। आचार सहिंता के चलते इन दिनों प्रदेश की सीमाओं सहित विभिन्न स्थानों पर चौकसी बढ़ा दी गयी है और सुरक्षा जांच जारी है।

पुल

दिल्ली मनाली वाया नालागढ़ मार्ग पर स्थित महादेव पुल को असुरक्षित घोषित कर दिया गया है। नालागढ़ के एसडीएम दिव्यांशु सिंघल ने कहा कि पुल के क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिलने के बाद विभागीय टीम ने इस पुल का निरीक्षण किया और हालात को देखते हुए इसे असुरक्षित घोषित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग से अनुमति मिलते ही इस पुल की मुरम्मत का कार्य आरम्भ कर दिया जाएगा। इस बीच पुल बंद होने से आसपास के दर्जनों गांव का रास्ता बंद हो गया है और लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।